प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मध्यप्रदेश के कटनी समेत 103 अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे।
- इंदौर और भोपाल महानगर क्षेत्र के रूप में विकसित होंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने महानगर क्षेत्र योजना विकास अधिनियम को दी मंजूरी।
- ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के राजनयिक वैश्विक संपर्क के लिए पहला शिष्टमंडल आज रवाना होगा।
- आईपीएल में कल राजस्थान रॉयल्स ने चैन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हराया।

**समाचार विस्तार सेः–**

**पीएम अमृत भारत स्टेशन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को मध्यप्रदेश के कटनी समेत 103 अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे 1300 से अधिक स्टेशनों में जो 103 स्टेशन अभी बनकर तैयार हुए हैं, उनमें मध्य प्रदेश के छह स्टेशन– कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा शामिल हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर सिटी सेंटर के रूप में फिर से विकसित किया गया है। यहां क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत को दर्शाया जाएगा। कटनी साउथ रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के उद्घाटन के पहले आवश्यक इंतजाम देखने जबलपुर से रेल अधिकारियों की टीम कटनी साउथ पहुंची। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कटनी साउथ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है इसकी तैयारी अंतिम चरण में है।

कटनी साउथ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प जारी है इसकी कुल लागत 20 करोड रुपए बताई जा रही है पहले चरण में 5.5 करोड रुपए की लागत से काम किए गए पहले फेस में एसीपी से बने मूर्ति स्थापना एसी वेटिंग हाल और सेकंड क्लास बैटिंग हर सहित अन्य सुविधाओं को विकसित किया गया है दूसरे फेस में अन्य कार्य किए जाएंगे।

**प्रदेश–मंत्रिमंडल**

प्रदेश मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में महानगर क्षेत्र योजना और विकास अधिनियम को मंजूरी दे दी है। इससे दो मुख्य शहर– भोपाल और इंदौर को महानगर में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रस्तावित भोपाल महानगरीय क्षेत्र – पांच जिलों भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर और राजगढ तक फैला होगा। वहीं इंदौर महानगरीय क्षेत्र में इंदौर, उज्जैन, देवास और धार जिले सम्मिलित होंगे। प्रस्ताव पारित करने के बाद सरकार अब महानगरीय योजना समिति और महानगरीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि ये प्राधिकरण प्रत्येक महानगरीय क्षेत्र की भौगोलिक और आर्थिक आवश्यकताओं के लिए एकीकृत विकास योजना की तैयारी और कार्यान्वयन करेंगे। इस कदम का उद्देश्य दस लाख से अधिक आबादी वाले राज्य में शहरी क्षेत्रों का एकीकृत क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करना है। महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण निर्दिष्ट महानगरीय क्षेत्र के लिए प्रारूप विकास योजना तैयार करेगा। प्रारूप की मंजूरी के बाद विकास योजना लागू की जाएगी।

**मिसरी प्रतिनिधिमंडल**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के राजनयिक वैश्विक संपर्क के लिए गठित सात सर्वदलीय शिष्टमंडल में से पहला शिष्टमंडल आज चार देशों के लिए रवाना हो रहा है। शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगों और सियरा लियोन जाएगा। जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय झा और डीएमके पार्टी सांसद कनिमोई के नेतृत्व में दो प्रतिनिधिमंडल कल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया, जापान और सिंगापुर तथा स्पेन, यूनान, स्लोवेनिया, लातविया और रूस के लिए रवाना होंगे।

ये बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति के तहत इससे निपटने की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता और दृढ संकल्प सामने रखेगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल नयी दिल्ली में संसद भवन में इन तीनों शिष्टमंडल के सदस्यों को भारत के कूटनीतिक दृष्टिकोण की जानकारी दी।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्रीकांत शिंदे ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलो की जानकारी के साथ यह भी बताया गया पाकिस्तान किस तरह सीमा पार से आतंकवाद को बढावा देता रहा है।

## राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

## 'स्वस्थ यकृत मिशन'–राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज राजभवन में 100 दिवसीय नि–क्षय शिविर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, संस्थाओं को सम्मानित करेंगे। साथ ही प्रदेशव्यापी 'स्वस्थ यकृत मिशन' का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और पद्म भूषण डॉ. शिव कुमार सरीन, निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे, जो कि 'स्वस्थ यकृत मिशन' का शुभारंभ करने के उपरांत जिलाधिकारियों को प्रशिक्षित भी करेंगे।

मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को जनभागीदारी से मजबूत करने एवं जन–जागरूकता के माध्यम से गंभीर रोगों की रोकथाम के लिए प्रदेश शासन द्वारा लगातार अभिनव पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 100 दिवसीय नि–क्षय शिविर अभियान की सफलता के उपलक्ष में सम्मान समारोह तथा स्वस्थ यकृत मिशन के राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## पद्म–पुरस्कार नामांकन

गृह मंत्रालय ने पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर विशेष फॉरमेट में दी जानी चाहिए। उसमें जिन व्यक्तियों को पुरस्कार देने का अनुमोदन किया जा रहा हो उनकी विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का भी संदर्भ सहित स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री के रूप में दिए जाने वाले पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से हैं। 1954 में शुरू किए गए इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और अभियंत्रणा, लोक कार्य, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देना है।

## यूपीएससी–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर 12:30 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में चयनित मध्यप्रदेश के उम्मीदवारों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल रात दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में खेले गये मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया।

आज आईपीएल क्रिकेट में मुम्बई इंडियंस का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- आगरमालवा में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए निकाली जा रही कौशल यात्रा को कलेक्टर राघवेन्द्रसिह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- जबलपुर में कल भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने विशाल 'सिंदूर यात्रा' निकाली।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने एलोपैथी और आयुष चिकित्सकों की तरह वेटरनरी डॉक्टर्स को भी 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति देने के आदेश दिए। भोपाल और शहडोल के डाक्टरों की याचिका पर यह राहत दी है।
- नर्मदापुरम जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटारसी नगरपालिका ने चार स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए हैं। ट्यूबवेल और पानी की टंकी के निकट दो–दो वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए गए हैं।
- डिंडोरी में 52 सिविल डिफेंस वोलेंटियर एवं 9 होमगार्ड को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।
- खरगोन के कसरावद शिकारियो के ट्रैप पैड में फंसी 3 वर्षीय मादा तेंदुए का रेस्क्यू कर लिया गया। आज शाम उसका मेडिकल परीक्षण करने के बाद जंगलों में छोड़ दिया गया।

————————